15 लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात



16 स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने किया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण





## खबर संक्षेप

### पुलिस ने सरेराह झगड़ते दो आरोपियों को दबोचा

**बहादुरगढ़।** आमजन की शांति भंग करने आरोप में पुलिस ने दो व्यक्तियों को पकड़ा है। उनके खिलाफ थाना सेक्टर-6 में संबंधित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया गया है। जानकारी अनुसार, जब सेक्टर-6 थाना पुलिस परशुराम मार्ग पर नहर के पास गश्त पर थी तो उसी दौरान दो व्यक्ति सरेराह आपस में गुत्थम गुत्था होकर शोर शराबा कर रहे थे। पुलिस टीम के अनुसार समझाने के बाद भी वे नहीं माने। जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मौके से रोहतक जिला निवासी कमल व नरेंद्र को हिरासत में ले लिया।

### एएनसी ने पकड़ी शराब से भरी गाड़ी

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी नार्कोटिक सैल ने अवैध शराब से भरी गाड़ी पकड़ी है। एक आरोपी को काबू किया है, वहीं गाड़ी से 204 पेटियां बरामद हुई है। आरोपी के खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किया गया है। एएनसी प्रभारी दीपक ने बताया कि उनकी एक टीम शहरी क्षेत्र में तैनात थी। इस दौरान सूचना मिली कि राधे नाम का एक व्यक्ति दिल्ली का निवासी है। वह महिंद्रा मैक्सिमो गाड़ी में अवैध शराब भरकर पुराना बस स्टैंड बहादुरगढ़ से परनाला की तरफ जाएगा। सूचना पर टीम ने परनाला रोड पर नाकाबंदी की। इस दौरान गाड़ी रुकवाई गई। गाड़ी में शराब भरी थी। आरोपी को काबू कर लिया गया।

### ट्रक की चपेट में आने से युवती गंभीर

**बहादुरगढ़।** गांव दुल्हेड़ा में ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवती गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। घायल की पहचान पूजा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, पूजा शुक्रवार को किसी काम के सिलसिले में कबलाना माइनर की तरफ जा रही थी। जब अपने गांव के एक मंदिर के निकट पहुंची तो सामने से आ रहे एक ट्रक की चपेट में आ गई।

# दोपहर में हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा, किसानों के खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

शनिवार दोपहर बाद हुई हल्की बारिश से आमजन को गर्मी से राहत मिली। करीब घंटे भर हुई बारिश के कारण मौसम खुशनुमा हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई।

- बिजली आपूर्ति बाधित रहने से दिनभर रही परेशानी

शनिवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विशेषज्ञ आगामी दिनों में भी मौसम परिवर्तनशील रहने का अनुमान लगा रहे है। उधर,बारिश का लोगों ने खूब लुत्फ उठाया, घरों की छतों और गलियों में बच्चे नहाते दिखाई दिए। लेकिन बिजली आपूर्ति बाधित रहने के कारण रोजमर्रा के कार्य निपटाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। वहीं बरसात के कारण किसानों के चेहरों पर रौनक दिखाई दी। किसानों का कहना है कि बरसात होने से धान, ज्वार आदि फसलों की बिजाई करने में लाभ होगा।




**झज्जर।** शहर के भट्ठी गेट क्षेत्र में नालों की सफाई करने में जुटे कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

दिनभर बिजली आपूर्ति रही बाधितः शनिवार को दिनभर बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके कारण लोगों को अपने रोजमर्रा के कार्य निपटाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली आपूर्ति बाधित होने के कारण पानी की सप्लाई आपूर्ति भी बाधित रही। दिनभर लोग पानी की सप्लाई का इंतजार करते रहे, लेकिन जिस समय पानी आया उस समय बिजली चली गई। जिसके कारण जन-जीवन प्रभावित रहा।

### नालों की सफाई कार्य में जुटे रहे कर्मचारी

बरसात के दौरान आमजन को किसी तरह की परेशानी ना हो, इसके लिए नप प्रशासन की ओर से नालों की सफाई का कार्य जोरों से किया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा पानी निकासी की पूर्णतया व्यवस्था किए जाने के दावे किए जा रहे है। लेकिन असली परीक्षा तो तब होगी जब तेज बरसात होगी।

## बहादुरगढ़ः 35.5 एमएम बरसात से जगह-जगह हुआ जलभराव





**बहादुरगढ़।** बरसात के चलते गली में भरा पानी। फोटो : हरिभूमि

**बहादुरगढ़।** इलाके में शनिवार की सुबह भी झमाझम बरसात हुई। हालांकि 35.5 एमएम बरसात ही हुई लेकिन शहर में जगह-जगह जलभराव हो गया। इस कारण आवागमन प्रभावित हुआ। निचली कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अधिक परेशानी हुई। सड़कों पर बने गड्ढों के कारण भी लोगों को खूब मुश्किलें हुई। दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। शाम के वक्त भी बरसात की संभावना बनी हुई थी। दरअसल, शनिवार की सुबह ही आसमान में घने बादल छाए हुए थे। करीब साढ़े सात बजे हल्की बूंदें गिरनी शुरू हुईं। इसके बाद अचानक तेज बारिश होने लगी। एक घंटे से अधिक समय तक झमाझम बरसात हुई। इस दौरान मौसम सुहावना हो गया। बरसात के चलते सुबह काम के लिए निकले लोगों को दिक्कतें झेलनी पड़ी। झज्जर रोड, मांडोठी बाजार सहित अन्य सड़कों पर जलभराव हो गया। वहीं, झील मोहल्ला, सैनीपुरा, कच्चा बाग सहित कई निचली कॉलोनियों में भी घंटों तक जलभराव रहा। ऐसे इलाकों में रहने वाले लोग ड्यूटी के लिए समय पर नहीं निकल सके। लोगों का कहना है कि बरसाती सीजन गर्मी से राहत देने वाला होता है लेकिन अव्यवस्थाओं के कारण इस मौसम में लोगों को दिक्कत होती है। बेशक बरसात होगी तो गलियों, सड़कों में पानी भरेगा लेकिन निकासी की व्यवस्था तो पुख्ता हो। यहां तो बरसात होने पर नाले-नालियों की सफाई याद आती है। यदि समय रहते उचित बंदोबस्त किए जाएं तो लोगों को दिक्कतें न हो।

# अर्धसैनिक कल्याण बोर्ड के गठन की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

अलॉइंस ऑफ ऑल एक्स पैरामिलिट्री फोर्सेस वेलफेयर के छह सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने महासचिव रणबीर सिंह की अगुवाई में गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय से मुलाकात की। उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट कर बधाई दी। साथ ही मांगों से संबंधित एक ज्ञापन भी उनको सौंपा गया।

- गृह राज्यमंत्री से मुलाकात कर मांगों से संबंधित एक ज्ञापन सौंपा

इस दौरान सुरक्षा बलों के सेवारत व सेवानिवृत्त जवानों के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सिलसिलेवार विस्तार से चर्चा की गई। जनवरी 2004 के बाद भर्ती जवानों की पुरानी पेंशन बहाली, राज्यों में अर्धसैनिक कल्याण बोर्डों के गठन, अर्धसैनिक झंडा दिवस कोष की स्थापना, सीआईएसएफ जवानों को सीएलएमएस मदिरा सुविधा आदि मामलों पर बातचीत हुई। महासचिव के मुताबिक, मंत्री को दो फरवरी 2021 को केंद्रीय गृहसचिव अजय कुमार के साथ हुई मुलाकात का हवाला दिया गया। वीएस कदम कोषाध्यक्ष के अनुसार, गृह राज्यमंत्री द्वारा राज्यों में अर्धसैनिक कल्याण बोर्डों के गठन व सीआईएसएफ जवानों को सीएलएमएस मदिरा सुविधा जारी करने पर सहमति जताई गई है। गृह राज्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल को विश्वास दिलाया कि जायज मांगों पर विचार कर शीघ्र ही उचित निर्णय लिया जाएगा।



**बहादुरगढ़।** गृह राज्य मंत्री से मुलाकात करने पहुंचे वेलफेयर के पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

एक्स पैरामिलिट्री एलॉइंस अध्यक्ष बहादुरगढ रणधीर सिंह, जिला सैनिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, भीम सिंह बिष्ट, डिप्टी कमांडेट सुभाष चंद के अलावा महासचिव रणबीर सिंह ने डेलिगेशन ने मंत्री के साथ बातचीत में हिस्सा लिया।

# हाईवा गाड़ी का संतुलन बिगड़ा, चालक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव कबलाना निवासी एक युवक की हाईवा गाड़ी के नीचे दबने के कारण मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने परिजनों से मामले की जानकारी लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल के शव गृह भिजवाया। मृतक की पहचान कबलाना गांव निवासी करीब 32 वर्षीय नीरज पुत्र बलजीत के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार के नीरज हाईवा गाड़ी पर ड्राईवर के तौर पर काम करता है।

- बेसहारा पशु के सामने आने से उसे बचाने के चक्कर में हुआ हादसा



**झज्जर।** नागरिक अस्पताल परिसर में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी व इनटेक में मृतक नीरज का फाइल फोटो।

वह शुक्रवार की रात जब मिट्टी से भरी हाईवा को कबलाना से गोयलकलां गांव ले जा रहा था तो गांव के नजदीक ही बेसहारा पशु के सामने आने से उसे बचाने के चक्कर में गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया। कीचड़ भरा रास्ता होने के कारण असंतुलित गाड़ी पलट गई जिस कारण नीरज गंभीर रूप से घायल हो गया।

परिजनों को जब पता चला तो वे उसे उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल ले कर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले के जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि इस संबंध में मृतक के बड़े भाई राजकुमार के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

### अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था नीरज

कबलाना निवासी हाईवा गाड़ी चालक नीरज अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसके पिता की मौत वर्षों पहले हो चुकी है वहीं करीब दो-तीन माह पहले बीमारी के चलते उसकी मां का निधन भी हो चुका है। वह अपने दो नाबालिग बेटों व पत्नी के साथ रहता था। ग्रामीणों का कहना है कि अब उसके परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# कार की चपेट में आने से बाइक सवार की जान गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

बालोर रोड पर सरकारी कॉलेज के सामने एक बाइक सवार युवक कार की चपेट में आ गया। इस हादसे में उसे गंभीर चोट आई। ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस संबंध में परिजनों के बयान पर गाड़ी चालक के खिलाफ केस दर्ज हुआ है।

- बालोर रोड पर सरकारी कॉलेज के सामने हुआ हादसा

मृतक की पहचान करीब 34 वर्षीय नितिन के रूप में हुई है। भगत सिंह कॉलोनी का रहने वाला था। शहर में स्थित एचएनजी कंपनी में काम करता था।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह बाइक पर सवार होकर ड्यूटी के लिए निकला था। जब बालोर रोड पर सरकारी कॉलेज के सामने पहुंचा तो सामने से आ रही वैगनआर गाड़ी की चपेट में आ गया। इस दुर्घटना में उसे काफी चोट आई। राहगीरों ने उसको संभाला। उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रात को ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस अस्पताल में पहुंची और परिजनों के बयान लिए। शनिवार को पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया गया।

परिजनों ने हादसे के लिए गाड़ी चालक को जिम्मेदार ठहराया है। हादसे के बाद आरोपी अपनी गाड़ी छोड़कर भाग गया था। वहीं, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# सीमेंट डीलर के नाम पर ठगे 2.15 लाख

## साइबर थाना झज्जर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

एक कंपनी का ऑनलाइन नंबर निकालकर सीमेंट का ऑर्डर करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। शातिरों ने सीमेंट भेजने के नाम पर व्यक्ति को दो लाख रुपये से अधिक की चपत लगा दी। पीड़ित ने साइबर सैल में शिकायत दे दी है। साइबर थाना झज्जर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- मकान निर्माण में सीमेंट की जरूरत पड़ी तो पीड़ित ने ठेकेदार से एक प्रतिष्ठित कंपनी की सीमेंट मंगवाने को कहा

वारदात जसोरखेड़ी के निवासी आनंद के साथ हुई है। आनंद का कहना है कि वह गांव में नया मकान बनवा रहा है। मकान का ठेका अबरार नाम के एक ठेकेदार को दिया था। मकान निर्माण में सीमेंट की जरूरत पड़ी तो मैंने ठेकेदार से एक प्रतिष्ठित कंपनी की सीमेंट मंगवाने के लिए कहा। लेकिन ठकेदार ने एक अन्य कंपनी की सीमेंट मंगवाने का सुझाव दिया और डीलर से फोन पर बात की। उसने डीलर से कहा कि जसोरखेड़ी में सीमेंट भिजवा दो, इस पर डीलर ने कहा कि आपके पास हमारे हरियाणा के डीलर की कॉल आएगी। बकौल आनंद, सीमेंट का रेट जानने के लिए उसने उस कंपनी का ऑनलाइन नंबर निकाल लिया।



### शातिर ने ऐसे लगाया चूना

उस नंबर पर कॉल की तो रिसीव करने वाले ने खुद को डीलर बताया और ये कहा कि हम 100 नहीं 340 कट्टे सप्लाई करेंगे। कुल 340 रुपये कट्टे के हिसाब से रेट तय हुआ। उस शातिर ने पहले एक लाख दो हजार रुपये मंगवाए। फिर कहने लगा कि 340 कट्टों का चालान नहीं कट रहा, 640 कट्टों का कटेगा। इस तरह से उन्होंने एक लाख तथा 15 हजार 600 रुपये और मंगवाए। कुछ समय बाद शातिर का फोन आया कि आपका डीलर नंबर नहीं लग रहा। मैंने कहा कि मैं डीलर नहीं, आम आदमी हूं। बोला कि हम आपको डीलर बना देंगे, आप हमारे खाते में 50 हजार रुपये और भेज दो। मैंने मना किया और अपने रुपये वापस मांगे तो बोले 24 घंटे में रिफंड होंगे लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब उनका नंबर भी बंद आ रहा है। उधर, पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

# जर्मनी में होने वाले ट्रेनिंग कैंप में भाग लेगी मोहिनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय महर्षि दयानंद सरस्वती खेल स्टेडियम में नियमित अभ्यास करने वाली मुक्केबाज मोहिनी धनखड़ का चयन ओलंपिक के लिए जर्मनी में आयोजित किए जा रहे ट्रेनिंग कैंप में हुआ है। बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल ने बताया कि भारतीय टीम में शामिल मोहिनी अब आगामी 14 जुलाई तक कैंप में ट्रेनिंग लेगी। उन्होंने बताया कि मेहनती और ईमानदार खिलाड़ी मोहिनी को उसकी नियमित मेहनत का फल आज सीनियर महिला टीम का हिस्सा बनकर मिला है। इससे पहले वह भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में पदक जीत चुकी है।

इस उपलब्धि पर हरियाणा मुक्केबाजी संघ के प्रधान मेजर सत्यपाल सिंधु, महासचिव रविंद्र पन्नू, खजांची प्रवीर गहलोत, डायरेक्टर एडमिंस्ट्रेशन चेयरमैन ओमवीर हुड्डा, जयभगवान, जिला मुक्केबाजी संघ के प्रधान सोमबीर अहलावत, सूरजभान जाखड़, राजुकमार धनखड़ ने कोच हितेश देशवाल, होनहार खिलाड़ी मोहिनी धनखड़ व उसके अभिभावकों को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



**झज्जर।** होनहार बॉक्सर मोहिनी।

- मेहनती खिलाड़ी मोहिनी को उसकी नियमित मेहनत का फल आज सीनियर महिला टीम का हिस्सा बनकर मिला

## दो जुलाई को आवेदनों की वेरिफिकेशन होगी

# यूजी में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का आज अंतिम दिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में दाखिला प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। रविवार 30 जून तक ही ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है। आगामी दो जुलाई को आवेदनों की वेरिफिकेशन होगी। छात्राओं को यह ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन दाखिला की निःशुल्क सुविधा महाविद्यालय द्वारा प्रदान की जा रही है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करने के लिए छात्राएं स्वयं घर बैठे भी रजिस्ट्रेशन कर सकती हैं। महाविद्यालय में बीए प्रोग्राम में 160, बीकॉम में 160, बीसीए में 180 व बीएससी फिजिकल साइंस में 60 सीटें हैं। पहले राउंड की काउंसलिंग के तहत पहली मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसमें एक प्रोविजनल लिस्ट व फाइनल लिस्ट होगी। प्रोविजनल लिस्ट चार जुलाई व फाइनल लिस्ट पांच जुलाई को जारी होगी।

- छात्राओं को ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन दाखिला की नि:शुल्क सुविधा प्रदान की जा रही



**बहादुरगढ़।** रजिस्ट्रेशन को लेकर कॉलेज में पहुंची छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### दूसरी प्रोविजनल लिस्ट 10 जुलाई को जारी होगी

जिन छात्राओं के नाम लिस्ट में होंगे वे पांच से 9 जुलाई तक फीस जमा कर सीट कंफर्म कर सकेंगी। दूसरे राउंड की काउंसलिंग के तहत दूसरी मेरिट लिस्ट जारी होगी। दूसरी प्रोविजनल लिस्ट 10 जुलाई व फाइनल लिस्ट 11 जुलाई को जारी होगी। लिस्ट में शामिल छात्राओं 11 से 13 जुलाई तक फीस जमा कर दाखिला प्रक्रिया पूरी कर सकेंगी। शर्मा ने कहा कि महाविद्यालय में छात्राओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क, काउंसलिंग प्रक्रिया, सही विषय व विकल्प का चुनाव, निःशुल्क रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में मार्गदर्शन की व्यवस्था की गई है। दाखिले के लिए अपनी 10वीं की मार्कशीट, 12वीं की परिणाम कॉपी, परिवार पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, फोटो, डोमिसाइल सर्टिफिकेट इत्यादि डाक्यूमेंट्स अपने साथ लेकर पंजीकरण करा सकती हैं।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

## गिरावड़ के एक निजी मेडिकल कॉलेज से फार्मेसी कर रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव डीघल के नजदीक सैर करने गया युवक रेलवे लाइन क्रास करते समय ट्रेन की चपेट में आ गया। जिस कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने के बाद रेलवे पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे तथा लोगों से मामले की जानकारी लेते हुए युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक की पहचान डीघल निवासी करीब 19 वर्षीय विकास पुत्र दिनेश के तौर पर हुई है। विकास अविवाहित था और गिरावड़ के एक निजी मेडिकल कॉलेज से फार्मेसी कर रहा था। मृतक के पिता ऑटो चलाने का काम करते हैं। मामले के जांच अधिकारी सतीश कुमार ने बताया कि उन्हें कंट्रोल रूम से डीघल गांव के पास रोहतक-रेवाड़ी पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत की सूचना मिली थी। जिसके बाद उन्होंने मौका-मुआयना करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल भिजवाया। मृतक के परिजनों के बयान पर इत्तिफाकिया कार्रवाई की गई है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



**झज्जर।** रेलवे पुलिस चौकी में पोस्टमार्टम के लिए कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो : हरिभूमि

### अंडरपास में जलभराव होने के कारण हुआ हादसा

विकास के परिजनों बताया कि विकास नियमित सैर के लिए जाता था। पिछले दिनों आई बरसात के बाद यहां अंडरपास में जलभराव हो गया था। इस कारण वह ऊपर से रेलवे लाइन क्रॉस कर रहा था। यहां पर मोड़ होने के कारण कई बार रेल की आवाज का पता भी नहीं चल पाता। ग्रामीणों का कहना है कि अंडरपास में जलभराव के कारण राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस कारण पहले भी हादसे हो चुके हैं।



*अगर सिर्फ डायवर्सिफिकेशन पर ध्यान दें, तो मल्टी-कैप फंड को इस मामले में बेहतर माना जा सकता है, क्योंकि इसके पोर्टफोलियो में हर वक्त लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप सेगमेंट के शेयर शामिल रहते हैं। इसकी वजह से इसे रिस्क-रिटर्न ट्रेड-ऑफ के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है, लेकिन अगर आप फंड मैनेजर की समझदारी पर ज्यादा भरोसा करते हैं और निवेश के मामले में फ्लेक्सिबल एप्रोच यानी लचीलेपन को पसंद करते हैं, तो फ्लेक्सी कैप फंड में निवेश करना बेहतर रहेगा। आप फैसला कुछ भी करें, यह बात जरूर याद रखें कि इन दोनों ही कैटेगरी के फंड*

## म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को पहले कर लेना चाहिए तय

निवेश मंत्र

# निवेश के लिए क्या बेहतर फ्लेक्सीकैप यह मल्टीकैप

**बिजनेस डेस्क**

निवेश हर कोई करना चाहता है, लेकिन बाजार के उतार चढ़ाव से कई बार डर जाता है। ऐसे में निवेशक को पहले अपनी रिस्क क्षमता को देख लेना चाहिए। इसके बाद ही निवेश की दुनिया में कदम रखना चाहिए। म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को कई बार यह तय करने में उलझन होती है कि अपने पैसे फ्लेक्सी कैप फंड में लगाएं या मल्टी-कैप फंड में। ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि दोनों ही तरह के फंड पहली नजर में एक जैसे ही लगते हैं, क्योंकि दोनों फंड्स के जरिए पूरे बाजार के अलग-अलग सेगमेंट के शेयरों में निवेश किया जाता है। इसलिए डायवर्सिफाइड फंड की तलाश कर रहे निवेशकों को इन दोनों ही तरह के फंड्स में से किसी एक का चुनाव करने में थोड़ा कनफ्यूजन होना आम बात है, लेकिन दोनों फंड एक जैसे लगने के बावजूद असल में पूरी तरह एक जैसे नहीं हैं। किस निवेशक को इनमें से किस म्यूचुअल फंड में निवेश करना चाहिए, यह जानने के लिए दोनों फंड्स के अंतर को समझना जरूरी है। इसके बाद ही इन फंडों में निवेश करना चाहिए। दोनों फंडों की क्षमता, रिस्क और रिटर्न कई मायनों में काफी अलग होते हैं। इस रिपोर्ट में हम आपको बताएंगे कि कौन से फंड निवेश के लिए बेहतर माने जाते हैं।

### फ्लेक्सी कैप फंड

फ्लेक्सी कैप फंड में फंड मैनेजर को किसी पाबंदी के बिना लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप सेगमेंट में आने वाले किसी भी स्टॉक में निवेश करने की पूरी छूट होती है। यह लचीलापन मैनेजर को बाजार की परिस्थितियों के आधार पर अपने हिसाब से अलग-अलग सेगमेंट और सेक्टर के शेयरों में फंड अलोकेट करने की इजाजत देता है। अगर फंड मैनेजर को लगता है कि लार्ज कैप अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, तो वे फंड का एक बड़ा हिस्सा लार्ज-कैप स्टॉक में अलोकेट कर सकते हैं। इसी तरह, जरूरत पड़ने पर मिड-कैप या स्मॉल-कैप स्टॉक में भी फंड अलोकेशन कम या ज्यादा कर सकते हैं।



### यह भी जान लीजिये

फ्लेक्सी कैप फंड्स की तुलना में मल्टी कैप फंड्स की संख्या काफी कम है। ऐसा इसलिए है, क्योंकि कुछ साल पहले सेबी ने मल्टी कैप फंड की परिभाषा में बदलाव करके फंड एलोकेशन को लार्जकैप, मिडकैप और स्मॉल कैप में बांटना जरूरी कर दिया, तो बहुत सारे फंड्स कैटेगरी बदलकर फ्लेक्सीकैप में चले गए। इन फंड्स ने ऐसा इसलिए किया, ताकि अपनी निवेश रणनीति में लचीलापन बनाए रखा जा सके।

मल्टी-कैप फंड

***मल्टी-कैप फंड के पूरे पोर्टफोलियो में, लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप तीनों सेगमेंट के शेयरों को शामिल करना जरूरी है। फंड मैनेजर को इनमें से हर सेगमेंट में हर वक्त कम से कम 25 फीसदी अलोकेशन बनाए रखना पड़ता है। यानी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक में से हरेक में 25-25 फीसदी निवेश रखना जरूरी है। ऐसा इसलिए ताकि मल्टी-कैप फंड में डायवर्सिफिकेशन का लेवल हमेशा बना रहे।***

### क्या दोनों फंडों में फर्क

मल्टीकैप फंड के पोर्टफोलियो में 25-25 फीसदी लार्ज-कैप, मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक बनाए रखने की वजह से जो अनिवार्य डायवर्सिफिकेशन होता है, वही इसे फ्लेक्सी कैप फंड से अलग करने वाला सबसे बड़ा फर्क है। इस अनिवार्यता की वजह से मल्टीकैप फंड में लार्ज कैप के साथ-साथ मिडकैप और स्मॉलकैप की मौजूदगी भी हमेशा ही बनी रहती है, जबकि फ्लेक्सीकैप फंड के लिए ऐसा करना जरूरी नहीं है। फ्लेक्सीकैप फंड का मैनेजर चाहे तो पूरा इक्विटी निवेश सिर्फ लार्जकैप में भी कर सकता है या उसे लार्ज और मिडकैप में बांटकर स्मॉलकैप से दूर रहने का फैसला भी कर सकता है, लेकिन मल्टीकैप फंड के मैनेजर के लिए ऐसा करना मुमकिन नहीं है।

### डायवर्सिफिकेशन भी जरूरी

डायवर्सिफिकेशन किसी भी निवेश पोर्टफोलियो को बेहतर बनाने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। सही तरीके से किया गया डायवर्सिफिकेशन आपके पोर्टफोलियो के परफॉरमेंस को काफी बेहतर बना सकता है। म्यूचुअल फंड के मामले में मल्टी-कैप और फ्लेक्सी कैप दोनों फंड आपके निवेश को डायवर्सिफाई करने यानी उसमें विविधता लाने में मददगार साबित हो सकते हैं। हमने ऊपर यह भी देखा कि डायवर्सिफिकेशन के लिहाज से दोनों फंड्स में क्या फर्क है। इसे देखते हुए ही आपको एक निवेशक के रूप में तय करना होगा कि आपके लिए कौन सा फंड बेहतर रहेगा।

### पिछला प्रदर्शन

मल्टी-कैप फंड और फ्लेक्सी कैप फंड के पिछले प्रदर्शन की तुलना करें तो पता चलता है कि दोनों कैटेगरी के फंड्स के औसत सालाना रिटर्न में बहुत ज्यादा फर्क नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) की वेबसाइट के मुताबिक टॉप 10 फ्लेक्सी कैप फंड्स ने पिछले 10 साल में 16.11 फीसदी से 21.88 फीसदी के बीच सालाना रिटर्न दिया है। पिछले 5 साल में इस कैटेगरी के टॉप 10 फंड्स का रिटर्न 19.96 फीसदी से 34.22 फीसदी के बीच रहा है। एएमएफआई की वेबसाइट के मुताबिक इस वक्त मल्टी कैप कैटेगरी में सिर्फ 6 ऐसे फंड हैं, जिनका पिछले 10 साल का रिकॉर्ड उपलब्ध है और इस दौरान इन फंड्स ने 16.46 फीसदी से 22.79 फीसदी के बीच औसत सालाना रिटर्न दिया है। वहीं, जिन 8 मल्टी कैप फंड्स के पिछले 5 साल के प्रदर्शन का रिकॉर्ड एएमएफआई की वेबसाइट पर मौजूद है।

---




*कब डबल होंगे पैसेः आपकी बचत के पैसे दोगुने कब होंगे इसकी गणना का एक आम नियम काफी प्रचलित है। ये नियम रूल 72 है। फाइनेंस में इसका खूब इस्तेमाल होता है। रूल 72 के जरिए आप यह जान सकते हैं कि आपके निवेश के पैसे कितने समय में दोगुने हो जाएंगे।*

# इस फॉर्मूले से करेंगे निवेश तो 7 साल 2 माह में डबल

**बिजनेस डेस्क।** अगर आप भी कम समय में करोड़पति बनना चाहते हैं या अपना पैसा बढ़ाना चाहते हैं तो आपको भी यह नियम अपना लेना चाहिए। इससे आप आसानी से पैसा बटोर सकेंगे और कम समय में ही अच्छा खासा पैसा जुटा लेंगे। ज्यादातर जानकारों का कहना है कि अगर वजन कम करना है तो कम खाइए और ज्यादा व्यायाम कीजिए, पैसों का मामला भी कुछ ऐसे ही है। खर्च कम कीजिए और ज्यादा बचत कीजिए तो आपका पास अच्छा खासा बैंक बैलेंस होगा। रिटायरमेंट या दूसरे फाइनेंशियल टारगेट के लिए आप जितनी जल्दी शुरुआत करेंगे। लक्ष्य के करीब आने तक आप उतने ही धनवान होंगे। इसके लिए सबसे सटीक फॉर्मूला है। रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में आपका पैसा डबल हो जाएगा। यही नहीं अगर पैसे को इन्वेस्ट रखा जाए तो तीन गुना या फिर चार गुना भी बढ़ाया जा सकता है।

### कम्पाउंड इंट्रस्ट करेगा हेल्प

आपको सिर्फ अपनी बचत की निरंतरता बनाए रखनी है और बाकी का काम चक्रवृद्धि ब्याज (कम्पाउंड इंट्रस्ट) समय के साथ करता रहेगा। चक्रवृद्धि का फायदा लॉन्ग टर्म में देखते ही बनता है और यह लंबी अवधि में आपको करोड़पति बनाने में भरपूर काम करता है। इसलिए जब भी निवेश की गाड़ी स्टार्ट करें, निवेश का लंबा लक्ष्य रखें, मसलन बच्चों की शादी, शिक्षा या फिर रिटायरमेंट प्लानिंग। ऐसे लक्ष्य लेकश्लंबी अवधि के लिए निवेश शुरू करेंगे तो आप आसानी से अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकेंगे और अच्छा खासा रिटर्न प्राप्त कर लेंगे और देखते ही देखते अपने सभी गोल पूरे कर सकेंगे।



### कम्पाउंड इंट्रस्ट कैसे करता है काम

अब जानकारी लेते हैं कि आखिर यह कम्पाउंड इंट्रस्ट काम कैसे करता है। यानी यह आपको अमीर बनाने की क्षमता कैसे रखता है। मान लीजिए आप 100 रुपये कहीं जमा करते हैं और उस पर सालाना 10% का ब्याज मिलता है। एक साल बाद आपके पास 110 रुपये होंगे। अगले वर्ष चक्रवृद्धि के कारण आपको 110 रुपये पर 10% का ब्याज मिलेगा और आपके पैसे बढ़ कर 121 रुपये हो जाएंगे। फिर अगले वर्ष 121 रुपये पर 10% ब्याज प्राप्त होगा।

- पैसा बढ़ाने का सबसे सटीक नियम, करें अप्लाई
- यह नियम आपको जल्द बना सकता है करोड़पति
- रूल ऑफ 72 का इस्तेमाल करके आप भी जान सकते हैं कि कैसे 7 साल 2 महीने में कैसे डबल होंगे

---

- नेशनल पेंशन सिस्टम बुढ़ापे के लिए बढ़िया विकल्प
- 18 साल से 70 साल की उम्र का नागरिक खुलवा सकता है

# एनपीएस को 5 साल कर दें एक्सटेंड 50% से ज्यादा बढ़ेगी मंथली पेंशन

**बिजनेस डेस्क**

नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) केंद्र सरकार की एक पेंशन योजना है, जिसमें रिटायरमेंट को ध्यान में रखकर निवेश किया जा सकता है। यह बुढ़ापे लिए एक बेहतर विकल्प हो सकता है। नेशनल पेंशन सिस्टम में कोई भी 18 साल से 70 साल की उम्र का भारतीय नागरिक (सरकारी कर्मचारी या निजी सेक्टर का कर्मचारी) अकाउंट खुलवा सकता है। एनआरआई भी इसके लिए योग्य हैं। अकाउंट खुलने के बाद 60 साल की उम्र तक या मैच्योरिटी तक यानी 70 साल तक इसमें कंट्रीब्यूट करना होता है। अगर एनपीएस की रिटर्न हिस्ट्री देखें तो अब तक इसने 8% से 12% सालाना रिटर्न दिया है। आमतौर पर एनपीएस में 60 की उम्र होने तक लक्ष्य बनाकर निवेश करने का ट्रेंड है, लेकिन अगर इसे 5 साल के लिए और एक्सटेंड कर दें तो मंथली पेंशन में 50 फीसदी से ज्यादा इजाफा हो सकता है। वहीं, अगर अकाउंट को 10 साल के लिए एक्सटेंड कर दिया जाए तो मंथली पेंशन में 130 फीसदी का इजाफा होगा. वहीं दोनों ही केस में रिटायरमेंट पर मिलने वाली लम्प सम रकम भी बढ़ जाएगी। हालांकि यह ध्यान रखना होगा कि 60 साल की उम्र के बाद कुछ इनकम का जरिया हो, जिससे आपको इस योजना को एक्सटेंड करने की सुविधा मिल जाए।



### सेवानिवृत्ति के बाद ठाठ से कटेगा बुढ़ापा, नहीं होगी परेशानी

## 10 साल एक्सटेंड कराने पर पेंशन 130% बढ़ी


कैलकुलेशन से पता चलता है कि नेशनल पेंशन सिस्टम में अगर 60 साल की बजाए 70 साल की उम्र तक निवेश जारी रखें तो मंथली पेंशन में करीब 130 फीसदी का इजाफा (76,973 रुपये से बढ़कर 1,76,990 रुपये) हो रहा है।

### एनपीएस पर टैक्स बेनेफिट

एनपीएस में निवेश पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के तीन अलग-अलग सेक्शंस के तहत टैक्स बेनेफिट मिलता है। सेक्शन 80सीसीडी 1) के तहत एक फाइनेंशियल ईयर में इसमें 1.5 लाख रुपये तक के निवेश पर डिडक्शन बेनेफिट मिलता है। यह डिडक्शन, सेक्शन 80सी के तहत 1.5 लाख रुपये की ओवरऑल लिमिट में आता है। एनपीएस पर सेक्शन 80सी डिडक्शन के ऊपर भी अतिरिक्त टैक्स छूट का फायदा मिलता है। यह एडिशनल डिडक्शन सेक्शन 80सीसीडी (1बी) के तहत



50,000 रुपये तक मिलता है। कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस के टियर-1 अकाउंट्स में निवेश करके 50,000 रुपये तक एडिशनल डिडक्शन का फायदा ले सकता है। इस तरह कोई भी टैक्सपेयर एनपीएस में इनवेस्ट करके एक फाइनेंशियल ईयर में 2 लाख रुपये के ओवरऑल टैक्स बेनेफिट को क्लेम कर सकता है। 2 लाख रुपये की लिमिट के ऊपर एंप्लॉयर की तरफ से किए गए किसी कंट्रीब्यूशन पर इनकम टैक्स एक्ट 1961 के सेक्शन 80सीसीडी(2) के तहत डिडक्शन का फायदा मिलेगा।




### 60 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 35 साल में कुल निवेश: 42 लाख
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 35 साल पर कुल कॉर्पस: 2,30,91,751 रुपये (2.31 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,15,45,875 रुपये (1.15 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 76,973 रुपये (करीब 77 हजार रुपये)

### 65 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 35 साल
- 40 साल में कुल निवेश: 48 लाख रुपये
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 40 साल पर कुल कॉर्पस: 3,03,42,813 रुपये (3 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 1,75,71,407 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी

### 70 साल तक निवेश पर कैलकुलेशन

- एनपीएस ज्वॉइन करने की उम्र : 25 साल
- मंथली निवेश : 10,000 रुपये
- निवेश की अवधि : 45 साल
- 45 साल में कुल निवेश: 54 लाख रुपए
- निवेश पर अनुमानित रिटर्न: 8% सालाना
- 45 साल पर कुल कॉर्पस: 5,30,97,035 रुपये (5.30 करोड़)
- एन्युटी प्लान में निवेश: 50%
- लम्प सम वैल्यू: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- पेंशन योग्य वेल्थ: 2,65,48,518 रुपये (1.75 करोड़)
- एन्युटी रिटर्न: 8 फीसदी
- मंथली पेंशन: 1,76,990 रुपये (1.77 लाख रुपये)

---

*अगर आपके पास 20 साल का वक्त है तो आपको एक करोड़ जुटाने के लिए हर महीने केवल 10,880 रुपये का निवेश करना होगा। इसी तरह अगर आप 25 साल के लिए निवेश करते हैं, तो मासिक निवेश राशि घटकर 5,880 रुपये हो जाती है। जैसे-जैसे आपकी निवेश अवधि बढ़ती है, आपको कम रकम निवेश करनी पड़ती है। अगर आपको ज्यादा रिटर्न मिलता है तो एक करोड़ रुपये तक पहुंचने में कम समय लगेगा।*

### कैसे बनेंगे करोड़पति

# हर महीने कितना करना होगा निवेश



### क्या कहते हैं आंकड़े

| वार्षिक रिटर्न | अवधि (वर्ष) | एसआईपी राशि (रु.) |
|---|---|---|
| 12% | 10 | 44,640 |
| 12% | 15 | 21,020 |
| 12% | 20 | 10,880 |

**बिजनेस डेस्क**

करोड़पति बनना हर किसी का सपना होता है। लेकिन, इस सपने को हकीकत में बदलने के लिए सही निवेश करना बहुत जरूरी है। इक्विटी म्यूचुअल फंड एक ऐसा निवेश विकल्प है जो आपको एक करोड़ रुपये के सपने को पूरा करने में मदद कर सकता है। अगला सवाल यह उठता है कि आपको कितना निवेश कितने समय के लिए करना होगा। यह ध्यान रखें कि आप कहीं भी निवेश करें, रातोंरात करोड़पति नहीं बन जाएंगे। इसमें समय लगेगा। इसके लिए आपको अनुशासन की जरूरत होगी। आपको नियमित रूप से निवेश करना होगा। नियमित रूप से अनुशासित निवेश करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) को चुनना। यह न केवल एकमुश्त बड़ी रकम बनाने में मदद करता है, बल्कि आपको छोटी शुरुआत करने और धीरे-धीरे इसे बढ़ाने की इजाजत भी देता है। यहां तक कि अगर आप 1,000 रुपये के मासिक निवेश के साथ इक्विटी म्यूचुअल फंड में एसआईपी शुरू करते हैं तो आप 10 सालों में 2.2 लाख रुपये जमा कर सकते हैं। यह मानते हुए कि आपको 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। जैसा कि आप देख सकते हैं, एसआईपी में एक छोटा सा निवेश भी लंबी अवधि में आपके धन को जबर्दस्त तरीके से बढ़ा सकता है।

### इन बातों पर करता है निर्भर

आपको हर महीने कितना निवेश करने की जरूरत है यह तीन प्रमुख बातों पर निर्भर करेगा- रिटर्न, समयसीमा और जोखिम उठाने की क्षमता। रिटर्न जो आपको इक्विटी म्यूचुअल फंड से मिलेगा। आपके निवेश की समयसीमा वह समय होगा, जिसके भीतर आप अपने लक्ष्य को पाना चाहते हैं। वहीं, जोखिम उठाने की क्षमता से मतलब यह है कि आप कितना जोखिम उठा सकते हैं। चूंकि इक्विटी म्यूचुअल फंड में डेट निवेश की तुलना में अधिक जोखिम होता है, इसलिए यह लंबी अवधि के निवेश के लिए सही है। यह और भी बेहतर है कि अगर आप कम से कम सात साल के लिए इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करें। आप जितने लंबे समय तक निवेश को बनाए रहेंगे, अस्थिरता का जोखिम उतना ही कम होगा।

### कितना निवेश करें

मान लेते हैं कि आपको अपने म्यूचुअल फंड निवेश से 12% का वार्षिक रिटर्न मिलता है। इसके आधार पर हम कैलकुलेशन करेंगे कि 10 साल, 15 साल, 20 साल, 25 साल में 1 करोड़ रुपये के लक्ष्य को पाने के लिए आपको हर महीने कितना निवेश करना होगा। याद रखें कि म्यूचुअल फंड से रिटर्न के बारे में कोई गारंटी नहीं है। पिछले रिटर्न का इस्तेमाल सिर्फ रेफरेंस में किया जाता है ताकि यह कैलकुलेट किया जा सके कि आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। 10 साल में म्यूचुअल फंड निवेश (वार्षिक रिटर्न 12%) से 1 करोड़ कमाने के लिए आपको इस पूरी अवधि के दौरान हर महीने 44,640 रुपये का निवेश करना होगा। अगर आप इंवेस्टमेंट हॉरिजन को पांच साल और बढ़ाकर 15 साल कर सकते हैं तो आपको एक महीने में 21,020 का निवेश करना होगा। अगर आप पांच साल और प्रतीक्षा कर सकते हैं तो आपका मासिक निवेश काफी कम हो जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### संगम विहार: नौकर ने लगाई घर में सेंध, धरा

**नई दिल्ली।** सफदरजंग एंक्लेव में 15 दिन पहले काम पर रखे गए एक नौकर ने मालिक के घर सेंध लगा दी। वह कैश और ज्वेलरी लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने आरोपी को संगम विहार इलाके से अरेस्ट कर लिया है। इसके पास से 17 हजार रुपए और लगभग 12 लाख कीमत की ज्वेलरी बरामद हुई है। आरोपी का नाम वीर यादव है। वह कानपुर का रहने वाला है। डीसीपी साउथ वेस्ट रोहित मीना के अनुसार 16 जून को सफदरजंग एंक्लेव निवासी पीयूष अरोड़ा नामक शख्स ने शिकायत दी कि 15 दिन पहले काम पर रखा गया नौकर गायब है। घर से 17 हजार रुपए और लगभग 15 लाख कीमत की ज्वेलरी भी गायब है। शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। सफदरजंग एंक्लेव सब डिवीजन के एसीपी रणबीर सिंह की टीम ने जांच के दौरान नौकर के मोबाइल नंबर को सर्विलांस पर लगाया था। आखिर में आरोपी को संगम विहार एरिया से दबोच लिया गया।

### फ्रेंचाइजी दिलाने के बहाने ठगी करने वाले दो दबोचे

**नई दिल्ली।** शाहदरा पुलिस ने ई कार्ट की फ्रेंचाइजी दिलाने के बहाने ठगी करने वाले दो धोखेबाज युवकों को पकड़ा गया है। इनके नाम हरिओम (26) व विभव कुमार गौरव (24) है। दोनों नोएडा व गाजियाबाद के रहने वाले हैं। इनके पास से तीन मोबाइल, छह सिमकार्ड, दो डेबिट कार्ड और एक पासबुक बरामद की गई है। इनके तीसरे साथी की तलाश की जा रही है। डीसीपी शाहदरा सुरेन्द्र चौधरी ने बताया पीड़ित के वाट्सएप नंबर पर किसी अनजान नंबर से कॉल आई थी। फोन करने वाले ने उन्हें ई-कॉमर्स वेबसाइट के जरिए बेचा जाने वाला सामान डिलीवर करने वाली कंपनी ई-कार्ट की फ्रेंचाइजी दिलाने का ऑफर दिया। उन्हें अच्छा काम चलने का झांसा दिया और फिर उनसे विभिन्न मदों में 3.40 लाख रुपए ऐंठ लिए। इसके बाद जालसाज ने उनसे दूरियां बना ली। पीड़ित को फ्रेचाइजी मिलना तो दूर रकम भी वापस नहीं मिली।

# सत्संग की राह पर चलने वाला व्यक्ति, जीवन में बढ़ेगा आगे : महंत राजेंद्र दास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

शनिवार को स्थानीय अनाज मंडी परिसर में जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास महाराज ने सत्संग के दौरान प्रवचनों की अमृतवर्षा की। काफी तादाद में आए श्रद्धालुओं के बीच उन्होंने सत साहेब की अमृतवाणी का व्याख्यान किया। स्वामी नितानंद की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम में मंगलाचरण का पाठ हुआ और कबीर की वाणी सुनाई गई। राजेंद्र दास महाराज ने उपस्थित श्रद्धालुओं को गुरू का महत्व समझाया। उन्होंने अपने मुखारविंद से गुरू चरणा की धूल मस्तक लाग रही नाम से भजन सुनाया। जिसका सभी ने रसपान किया। उन्होंने कहा कि हमें अपने मालिक यानि उसका नाम सुमिरन करना चाहिए जिसकी वजह से हम संसार में आए है। उन्होंने कहा कि जब काल सुमेरू पर्वत को भी उखाड़ सकता है तो आम आदमी का तो कहना ही क्या। यह काम मैने कर लिया यह काम हमें अभी करना है,इस बात की चिंता हमारी मृत्यु नहीं करती है। हमें कल किए जाने वाले काम को आज ही कर लेना चाहिए। अपने जीवन को धर्म की सार्थक कमाई के लिए लगाना चाहिए। हमें सत्संग की राह पकड़नी चाहिए। सत्संग की राह जो व्यक्ति पकड़ेगा वहीं जीवन में आगे बढ़ेगा। हमारी उलझन कभी नहीं मिटती। हम परमात्मा के नाम को भूलकर दूसरे काम में लगाते है जोकि निरर्थक है। उन्होंने मंगलाचरण करते हुए कहा कि जीना उसी का होता है जिसे जीने का ढंग आ जाता है। जीवन जीने के लिए हमें परमात्मा से लो लगानी चाहिए। इस दौरान पूर्व पार्षद शिशुपाल मलिक, पूर्व सरपंच रविंद्र बल्हारा, कुलदीप स्वामी, देवेंद्र चेयरमैन,महाबीर शर्मा, हरीश कुमार, सतगुरू सिंकदरपुर, मंजीत ठेकेदार, राजेंद्र नंबरदार, संजीत, प्रमोद, रामबीर प्रधान सहित अन्य भी मौजूद रहे।






**झज्जर।** अनाज मंडी परिसर प्रवचन देते हुए जटेला धाम के महंत राजेंद्र दास जी महाराज तथा अनाज मंडी परिसर में सत्संग के दौरान उपस्थित श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसो. का डेलिगेशन चंडीगढ़ पहुंचा

# लंबित मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से की मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

लंबित मांगों को पूरा किया जाने को लेकर गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन के डेलिगेशन ने चंडीगढ़ पहुंच कर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा से मुलाकात की। एसोसिशन के कोषाध्यक्ष विजय कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी जॉब सिक्योरिटी देने व पॉलिसी बनाकर उन्हें रेगुलर करने संबंधी मांग को ध्यानपूर्वक सुनते हुए सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार ने सितंबर 2019 में गेस्ट लेक्चरर के लिए 53100 रुपये प्रति माह तथा इंस्ट्रक्टर के लिए 35400 रुपये प्रतिमाह फिक्स वेतन देने का निर्णय लिया था। पिछले करीब पांच सालों से वे इसी वेतन पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनकी मांग है कि गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक में कार्यरत सभी गेस्ट लेक्चरर व गेस्ट इन्स्ट्रक्टर की सेवाओं को विशेष पॉलिसी बनाकर रेगुलर किया जाए। उन्हें रेगुलर कर्मचारी की तरह पूरा वेतन, टीए, डीए, सर्विस बुक, एलटीसी, एचआरए सहित सभी तरह की सुविधाएं दी जाएं। इस मौके पर डॉक्टर विष्णु, कुलदीप सिंह व हरपाल सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** मुख्यमंत्री से मुलाकात करते हुए गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक गेस्ट फैकल्टी एसोसिएशन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

# शिक्षकों को दी समय प्रबंधन की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एमआर सीनियर सैकेंडरी स्कूल हसनपुर में वरिष्ठ कक्षाओं को पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए समय प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य केएन दास के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ जयश्री मेहता ने शिक्षकों को समय प्रबंधन पर प्रशिक्षित किया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को समय के महत्व का एहसास कराना था। इस दौरान कक्षा में बच्चों की शिक्षण विधि को रुचिकर बनाने के लिए कक्षा तथा समय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। मूल्यांकन, समस्या-समाधान, गतिविधियों, प्रैक्टिकल की संरचना में परिवर्तन की जानकारी और प्रश्न-उत्तर अभ्यास के माध्यम से उनकी क्षमताओं का मूल्यांकन करते हुए शिक्षकों को नवीनतम विधियों और प्रक्रियाओं का उपयोग करके अच्छी तरह से समाधान करना सिखाया गया। इस मौके पर स्कूल निदेशिका संगीता कोडान ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों का आभार जताया।



**झज्जर।** शिक्षकों को संबोधित करते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### देव प्रतिष्ठा एवं गुरुवाणी कार्यक्रम आज

**झज्जर।** शहर के पुराना तहसील मार्ग स्थित धानक धर्मशाला में रविवार को देव प्रतिष्ठा एवं गुरुवाणी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला समिति प्रधान मांगेराम नंदा ने बताया कि प्रातः नौ बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में विधिवत रूप से संत कबीर दास जी की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा कराई जाएगी और गुरुवाणी कार्यक्रम में कबीर जी के दोहों व उपदेशों के माध्यम से संत कबीर की महिमा का गुणगान किया जाएगा।



**झज्जर।** रेलवे स्टेशन पर क्षतिग्रस्त दीवारों पर पलस्तर करते हुए राजमिस्त्री।

### रेलवे स्टेशन पर चलाया जा रहा मरम्मत कार्य

**झज्जर।** शहर के रेलवे स्टेशन पर आजकल मरम्मत कार्य चलाया जा रहा है। रेलवे स्टेशन के लिए बनाई गई बिल्डिंग के छज्जे व पिल्लरों से जहां लिपाई की परत झड़ चुकी थी वहीं नमी के कारण दीवारों के निचले हिस्से से भी दो-तीन फुट तक का पलस्तर गिर चुका था। ऐसे में अब मरम्मत कार्य से क्षतिग्रस्त दीवारों को दुरुस्त किया जा रहा है। रेलवे कर्मचारियों ने कहा कि उनका विभाग समय-समय पर कर्मचारी भेज कर स्टेशनों पर मरम्मत कार्य कराता रहता है।

## बरसाती मौसम पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेरी

- पर्यावरण का संरक्षण करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य



बेरी। रविंद्र मलिक,एसडीएम बेरी।

एसडीएम रविंद्र मलिक ने कहा कि बरसात का मौसम पौधारोपण के लिए बिल्कुल उपयुक्त समय है,ऐसे में प्रत्येक नागरिक का यह फर्ज बनता है कि वह खाली पड़ी भूमि पर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को पर्यावरण संरक्षण को अपना कर्तव्य समझना चाहिए। पर्यावरण सुरक्षा और उसमें संतुलन हमेशा बना रहे इसके लिए हमें जागरूक और सचेत रहना होगा। उन्होंने कहा कि हर प्रकार के हानिकारक प्रदूषण जैसे जल, वायु, ध्वनि, इन सब खतरनाक प्रदूषण से बचने के लिए अगर हम धीरे-धीरे भी प्रयास करें तो धरा सुंदर बन सकती है। वर्तमान समय में पर्यावरण का ध्यान रखना और संरक्षण करना हर व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य और जिम्मेदारी है।

## ब्लॉक समिति सदस्यों ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- कहा, हमें भी सरपंच के तर्ज पर दिए जाएं पूरे अधिकार

सरपंचों की तर्ज पर ब्लॉक समिति सदस्यों ने भी काम में पूरे अधिकार देने की मांग उठाई है। बहादुरगढ़ ब्लॉक समिति के सदस्य सोमवार को इस संबंध में एकत्र होंगे और एसडीएम को ज्ञापन देंगे। इतना ही नहीं, जरूरत पड़ने पर पंचायत मंत्री से भी मिलने की बात कही जा रही है। प्रमोद आर्य का कहना है कि ब्लॉक समिति जिला परिषद और सरपंचों के बीच मजबूत इकाई है। समिति सदस्य हमेशा से सरकार के साथ रहे हैं। अगर सदस्य नहीं बोलते तो इसका मतलब ये नहीं कि वे कमजोर या एकजुट नहीं है। ब्लॉक समिति सदस्य लगभग पांच हजार वोट पर बनता है, जिसमें दो गांव आते हैं। उसी हिसाब से उसकी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी बनती है। इसलिए अपने क्षेत्र में स्वतंत्र रूप से काम करवाने की आजादी मिलनी चाहिए। समिति सदस्य को बाहर काम करवाने के लिए आना-जाना पड़ता है, इसलिए टीए, डीए दिया जाए। सदस्यों को जनता के काम करवाने की पावर मिलनी चाहिए तथा 20 लाख तक के काम बिना टेंडर के करवाने की छूट होनी चाहिए। एमएलए की तरह ब्लॉक समिति चेयरमैन को भी सुविधाएं दी जाएं। ब्लॉक समिति चेयरमैन के साथ साथ ब्लॉक समिति सदस्यों का मानदेय बढ़ाया जाए। अध्यक्ष को 35 हजार, उप अध्यक्ष को 25 हजार और सदस्य को 15 हजार रुपये प्रतिमाह दिए जाएं।

### कार में दोस्तों को बैठाकर निकला नाबालिग, पांच को मारी टक्कर

**नई दिल्ली।** गीता कॉलोनी थाने के नजदीक पिता की कार लेकर निकले एक नाबालिग लड़के ने महिला सफाईकर्मी समेत पांच लोगों को अस्पताल पहुंचा दिया। उसके साथ कार में दो दोस्त भी सवार थे। शनिवार सुबह हुये इस हादसे के बाद पुलिस ने कार जब्त कर ली है। पुलिस नाबालिग के पिता के खिलाफ भी कार्रवाई करने की बात कह रही है। हादसे की चपेट में आये पांच लोगों में एक रेहड़ी वाला, एक महिला सफाईकर्मी और तीन राहगीर है। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह 7 बजकर 50 मिनट पर पर इस एक्सीडेंट की सूचना मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को पता लगा 16 साल का लड़का जगतपुरी के साउथ अनारकली एरिया में रहता है। वह घर से पिता की बलेनो कार लेकर निकला। उसके दो दोस्त भी साथ थे। इन तीनों ने कृष्णा नगर एरिया में एक जगह पर छोले भटूरे खाये। वहां से तीनों कार लेकर कड़कड़डूमा कोर्ट पार्किंग लौट रहे थे, तभी रास्ते में नाबालिग ने कार से अंसतुलन खो दिया और पांच लोगों को टक्कर मार दी। यह हादसा गीता कॉलोनी थाने के नजदीक हुई। पुलिस का कहना है किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

## मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दसवीं व बारहवीं कक्षा के इस वर्ष घोषित परिणामों में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले जिले के मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में इंडियन जागृति मंच द्वारा रविवार को एक समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक चैनसुख गुरहिया ने बताया कि प्रातः दस बजे से लघु सचिवालय भवन स्थित संवाद भवन में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अरविंद बंसल को आमंत्रित किया गया है जबकि विशेष अतिथि के तौर पर जिला परिषद की डिप्टी सीईओ निशा तंवर शिरकत करेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंजाब नेशनल अग्रणी बैंक आरसेटी के सेवानिवृत्त निदेशक सुरेंद्र खनगवाल करेंगे। इसके अलावा जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार विद्यार्थियों को पढ़ाई के बल पर जीवन पथ पर आगे बढ़ने के टिप्स देंगे। इस सम्मान समारोह में विद्यार्थियों को पेड़-पौधों के महत्व से अवगत कराते हुए उन्हें पर्यावरण सरंक्षण संबंधी शपथ भी दिलाई जाएगी और उन्हें समाज में फैली कुरीतियों के बारे भी जागरुक किया जाएगा।

## पीएनबी आरसेटी के निदेशक सुरेंद्र खनगवाल हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक सुरेंद्र कुमार खनगवाल अपनी 38 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए। उनकी सेवानिवृत्ति पर संस्थान के कर्मचारियों ने विदाई समारोह का आयोजन किया।

समारोह में उनके सहकर्मियों व मित्रों ने जहां पगड़ी पहनाकर उनका सम्मान किया वहीं उपहार देते हुए विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कंचन कुमार ने किया। इस मौके पर एनआरएलएम के जिला प्रबधंक योगेश पराशर, डॉक्टर कृष्ण दलाल, रेडक्रॉस सचिव देवेंद्र चहल, पीएनबी के वरिष्ठ प्रबधंक जिले सिंह अहलावत, सनोज कुमार, आशीष शर्मा, सतपाल सिंह, आशीष रोहिल्ला, कुसुम, शशि कुमार, रीना, चैनसुख गुरहिया, एमडी खन्ना, पंकज नागर, नरेश सोलंकी, कर्ण सिंह सहित अन्य भी मौजूद रहे।



**झज्जर।** सेवानिवृत्ति पर उपहार देकर सम्मानित करते हुए स्टॉफ सदस्य एवं अन्य।

## क्रांतिकारी लाहिड़ी को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- 17 दिसंबर 1927 को फांसी की सजा दी गई थी

गांव गुभाना के लोकहित पुस्तकालय में महान क्रांतिकारी राजेंद्र नाथ लाहिड़ी की जयंती पर उन्हें ग्रामीणों और समिति सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर नमन किया। समिति अध्यक्ष नरेश कौशिक ने उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राजेंद्र नाथ लाहिड़ी का जन्म 29 जून 1901 को हुआ था। वह भारत के स्वतंत्रता संग्राम के महत्वपूर्ण स्वतंत्रता सेनानी थे। वे प्रसिद्धि काकोरी कांड के एक प्रमुख अभियुक्त के रूप में हैं। वे हिंदुस्तान रिपब्लिकन संगठन के प्रमुख सदस्य थे, जिसका मकसद भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त करना था। काकोरी ट्रेन लूटपाट नायक अमर शहीद राजेंद्र नाथ लाहिड़ी को गोंडा जेल में 17 दिसंबर 1927 को निर्धारित तिथि से दो दिन पहले फांसी की सजा दी गई थी। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सूबेदार मेजर सुरेश कुमार, जय भगवान, प्रधान राकेश, ऋषि प्रकाश, फूल कुमार, भोला, बिट्टू, सोनू, साहिल कौशिक, प्रदीप व रणवीर आदि मौजूद रहे।

### दंपती बच्चों को कार में छोड़ ले रहे थे मिठाई

# दिल्ली पुलिस ने तीन घंटे तक कार का पीछा कर अगवा भाई-बहन को बचाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में विकास मार्ग से कार में बैठे भाई बहन को उनकी ही कार में अगवा कर लिया गया। घटना के समय बच्चों के माता पिता मिठाई खरीदने के लिए दुकान में गए थे। इसके बाद बच्चों को छोड़ने के एवज में परिजनों से 50 लाख रुपए की फिरौती मांगी गई। एक्शन में आई पुलिस किडनैपर्स के पीछे लगी तो समयपुर बादली इलाके में बदमाश बच्चों को छोड़ फरार हो गए। डीसीपी अपूर्वा गुप्ता ने बताया कि शुक्रवार को 11 बजकर 40 मिनट पर शकरपुर थाने को एक पीसीआर कॉल मिली, जिसमें बताया गया कि 11 साल की लड़की और 3 साल के उसके भाई को कार समेत अगवा कर लिया गया है। यह घटना उस वक्त हुई जब दोनों भाई बहन अपनी पिता की कार में इंजन ऑन मोड में बैठे थे। विकास मार्ग स्थित हीरा स्वीट्स पर उनके माता पिता मिठाई खरीदने के लिए गए थे। वे वापस लौटे तो उन्हें न कार मिली और ना ही उनके बच्चे। इसके बाद बच्चों को छोड़ने के एवज में उनके पास 50 लाख की फिरौती कॉल आई। कॉल भी बच्चों की मां के फोन से की गई थी। उस वक्त फोन बच्चों के ही पास था। भाई बहन के किडनैपिंग की सूचना से पुलिस एक्टिव हो गई। लक्ष्मी नगर और शकरपुर थाने की पुलिस के अलावा स्पेशल स्टाफ की टीम को भी केस की जांच में शामिल किया गया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करने के बाद पुलिस की जांच मोबाइल सर्विलांस पर केंद्रित हुई। किडनैपर्स की लोकेशन ट्रेस की गई। लगभग 20 गाड़ियों में सवार पुलिसकर्मी बच्चों की खोजबीन और बदमाशों के पीछे लगे रहे। पुलिस का दबाव और पकड़े जाने के डर से बदमाश बच्चों को समयपुर बादली एरिया में कार समेत छोड़ फरार हो गए। महज तीन घंटे में ही पुलिस टीम बच्चों तक पहुंच गई। पुलिस को संदेह था कि किडनैपर्स बच्चों को दिल्ली से बाहर न ले जाएं, इस बात को ध्यान में रख अन्य जिलों की पुलिस और रेलवे पुलिस को भी सूचना दे दी गई थी। पुलिस किडनैपर्स की तलाश में लगी है।




- घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों का विश्लेषण करने के बाद पुलिस की जांच मोबाइल सर्विलांस पर केंद्रित हुई।

## किसान के शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

- रोटावेटर मशीन की चपेट में आने से हुई थी मौत

क्षेत्र के गांव कहाड़ी की ढाणी में खेत में कार्य करने के दौरान रोटावेटर मशीन की चपेट में आने से किसान की मौत मामले में शनिवार को पुलिस द्वारा किसान के शव का पोस्टमार्टम कराया गया। मामले के जांच अधिकारी राजीव ने बताया कि मृतक के परिजनों के बयान के आधार पर कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि करीब 43 वर्षीय मृतक ज्ञानचंद पुत्र भूप शुक्रवार को अपने खेत में कार्य कर रहा था इस दौरान उसके शरीर का कपड़ा रोटावेटर में उलझ गया जिस कारण वह नीचे गिर गया। रोटावेटर की चपेट में आने से उसका शरीर भी बीच से कट जाने के कारण उसकी मौत हो गई थी।



**झज्जर।** पोस्टमार्टम के दौरान अस्पताल में मौजूद पुलिसकर्मी एवं परिजन।

## खबर संक्षेप

### लाभपात्रों को आज बांटे जाएंगे प्रमाण पत्र

**झज्जर।** रविवार को राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्रों का वितरण किया जाएगा। डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार रहेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, डॉक्टर बीआर अंबेडकर आवास नवीनीकरण योजना व विभिन्न पेंशन योजनाओं के नए लाभार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के माध्यम से पानीपत से लाइव जुड़ेंगे और जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को भी संबोधित करेंगे।

### तहसीलों में आज भी लगेंगे कैंप

**झज्जर।** डीसी कैप्टन शक्ति सिंह ने बताया कि जिले के अंतर्गत आने वाली विभिन्न तहसीलों में इंतकाल दर्ज करने के लिए रविवार को विशेष कैंपों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कैंप में लंबित इंतकाल के अलावा आम नागरिक द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले इंतकाल के नए आवेदनों का निपटान किया जाएगा। उन्होंने संबंधित राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी पटवारियों व कानूनगो के माध्यम से तहसील मुख्यालयों पर सभी इंतकाल का निपटान करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी सीआरओ भी कैंप में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने इंतकाल को लेकर लगाए जाने वाले शिविरों के लिए संबंधित अधिकारियों को गांवों में मुनादी करवाने के निर्देश दिए।

### इलाके में बढ़ रही छीना झपटी की वारदात

**बहादुरगढ़।** इलाके में छीना झपटी की वारदात रही हैं। दिन दहाड़े, सरेराह लोगों से मोबाइल, चेन आदि झपटे जा रहे हैं। शनिवार की सुबह भी मेन बाजार में वारदात हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो सुबह पुरानी सब्जी मंडी से एक युवती फोन पर बात करते हुए गुजर रही थी। जब गणपति चौक के पास पहुंची तो बाइक सवार शातिर उसका मोबाइल झपटकर भाग गए। युवती ने शोर मचाया लेकिन शातिर भागने में कामयाब रहे। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। देर शाम तक इस संबंध में केस दर्ज होने की पुष्टि नहीं हो पाई थी।

## हर विभागों में जाकर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली

# स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने किया सरकारी अस्पताल का निरीक्षण

ट्रामा सेंटर में चल रहे आपातकालीन विभाग, आईसीयू से लेकर वार्ड व लैब में जाकर व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के संबंध में अस्पताल प्रबंधन को दिशा-निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। डीजीएचएस डॉ. रणदीप का स्वागत करते चिकित्सक अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

डीजीएचएस डॉ. रणदीप सिंह पूनिया ने शनिवार को नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ का निरीक्षण किया। उन्होंने ट्रामा सेंटर में चल रहे आपातकालीन विभाग, आईसीयू से लेकर वार्ड व लैब में जाकर व्यवस्थाओं को परखा। इस दौरान उन्होंने मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के संबंध में अस्पताल प्रबंधन को दिशा-निर्देश दिए। साथ ही कर्मचारियों की समस्याएं भी सुनीं।

डॉ. रणदीप सिंह पूनिया सुबह करीब 9 बजे ही नागरिक अस्पताल में निरीक्षण के लिए पहुंच गए थे। यहां वे करीब दो घंटे तक रहे और लगभग हर विभागों में जाकर मरीजों से स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल के आपातकाल विभाग, आईसीयू वार्ड, माइनर ओटी, लैब समेत कई अन्य जगहों का निरीक्षण किया। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रणदीप सिंह पूनिया ने नागरिक अस्पताल की निमार्णाधीन 200 बेड की बिल्डिंग के बारे में पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यकारी अभियंता से फोन पर बात कर स्टेट्स रिपोर्ट के बारे में पता किया। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्यकर्मियों के समक्ष आ रही कई तरह की समस्याओं को भी जाना और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान भी किया। कुछ कर्मचारियों ने उनके समक्ष एसीपी समेत कई अन्य मांगें भी रखी थीं। इसके अलावा जूनियर-सीनियर अधिकारियों का मसला भी सुलझाया।

डॉ. रणदीप सिंह पूनिया ने स्वास्थ्यकर्मियों, अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में कोई भी अव्यवस्था नहीं होनी चाहिए। सभी कर्मचारी व अधिकारी ड्रेस कोड में रहने चाहिए और समय पर उपस्थित रहें। अगर कोई भी समस्या है तो वे उनके संज्ञान में जरूर लाएं। मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों इसको लेकर विभाग की ओर से पूरा ध्यान भी रखा जा रहा है।

महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. रणदीप सिंह पूनिया का नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में पहुंचने पर कार्यवाहक प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुमन कोहली, डीएमएस डॉ. देवेंद्र मेघा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विनय देशवाल व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता रंगा ने बुक्का भेंट कर उनका स्वागत किया।


बहादुरगढ़। पंचकूला में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ शतीश नंबरदार। फोटो : हरिभूमि

## पंचकूला मीटिंग में भाग लेने पहुंचे स्थानीय भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

पंचकूला में शनिवार को हरियाणा भाजपा की विस्तारित प्रदेश कार्यकारणी की बैठक हुई। बैठक में स्थानीय भाजपा नेता भी कार्यकर्ताओं सहित भाग लेने पहुंचे। भाजपा नेता शतीश नंबरदार ने शिरकत की।

शतीश नंबरदार ने बताया कि इस मीटिंग में यशस्वी गृहमंत्री अमित शाह व केंद्रीय शिक्षा मंत्री एवं हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रभारी धर्मेंद्र प्रधान सहित अन्य नेताओं ने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर जोश भरा। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से केंद्र व हरियाणा की भाजपा सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं से कहा है कि केंद्र की मोदी व हरियाणा की नायब सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों को दिलवाने में अपनी अहम भूमिका निभाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, दिनेश शेखावत, नरेश रोहिल्ला, कार्तिक राठी, परमिंदर जांगड़ा सहित अन्य इस अवसर पर मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का समापन

**बहादुरगढ़।** पीएम श्री स्कूलों के अध्यापकों को प्रशिक्षित करने व नई शिक्षा नीति के तहत आने वाले बदलाव के बारे में जानकारी देने के लिए पीएम श्री राकवमा विद्यालय बहादुरगढ़ में आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला शनिवार को समाप्त हो गई। इस दौरान अध्यापकों को नई शिक्षा नीति की संपूर्ण जानकारी से अवगत कराया गया। इस समापन समारोह में बीआरपी शेर सिंह, प्रिंसिपल सुरेश सैनी, धर्मेन्द्र एप्लसी, प्रवक्ता इतिहास डाईट मुकेश कुमार, अशोक कुमार, कुलदीप राठी, सरिता, रितु शर्मा व पुनिता ने भाग लिया। बीआरपी शेर सिंह ने इस दौरान दूसरे जिलों से आए हुए अध्यापकों को सर्टिफिकेट्स भी प्रदान किए। प्रवक्ता मुकेश कुमार ने व्यवस्थाओं की प्रशंसा की।


बहादुरगढ़। कार्यशाला में भाग लेने वाले अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## प्रवासी की मौत पर कई दिन बाद केस दर्ज

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद में निजी बस की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हुए प्रवासी शख्स ने दम तोड़ दिया। उसकी मौत के कई दिन बाद अब केस दर्ज हो पाया है। बस का नंबर पुलिस को मिल गया है। इस आधार पर आसौदा थाना पुलिस आरोपी बस चालक तक पहुंचने का प्रयास करेगी। मृतक की पहचान बीरेंद्र के रूप में हुई है। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के राय बरेली था। यहां परिवार सहित रोहद में रहता था। वहीं पर स्थित एक कंपनी में काम करता था। जानकारी के अनुसार, गत 30 अप्रैल को रोहद में वह एक निजी बस की चपेट में आ गया था। उसे सरकारी अस्पताल में लाया गया। जहां से रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन उसे दिल्ली स्थित सफदरजंग अस्पताल ले गए। तबीयत में सुधार न होने पर छह मई को परिजन उसे राय बरेली के एक निजी अस्पताल में ले गए। वहां आठ मई को उसे डिस्चार्ज किया गया, जिसके बाद परिजन उसे लखनऊ में स्थित एक अस्पताल में ले जाने लगे। रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। अगले दिन 9 मई को उसका पोस्टमार्टम हुआ। जानकारी के अभाव व अत्याधिक दूरी होने के चलते बीरेंद्र की पत्नी पुलिस को तब शिकायत नहीं दे पाई। इस दौरान बीरेंद्र के ईलाज में छह लाख रुपये खर्च हुए। उसकी निर्धन पति ने जैसे-तैसे रुपयों का इंतजाम किया था। अब उसने पुलिस को शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाने में बस चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## एनहांसमेंट की समस्या के समाधान के लिए पूर्व सीएम को दिया ज्ञापन

- विधायक जून की अगुवाई में सेक्टरवासियों ने की पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। पूर्व सीएम हुड्डा को एनहांसमेंट की समस्या से संबंधित ज्ञापन सौंपते विधायक जून, आरडब्ल्यूए पदाधिकारी व सेक्टरवासी।

हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा सेक्टर-2, 9 व सेक्टर 9ए में रहने वाले निवासियों को एनहांसमेंट के नोटिस भेजे जा रहे हैं। इससे सेक्टरवासी व आरडब्ल्यूए के पदाधिकारी परेशान हैं। विधायक राजेंद्र जून की अगुवाई में सेक्टरवासियों और पदाधिकारियों ने दिल्ली में पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा से मुलाकात की। उन्हें ज्ञापन देकर इस समस्या के समाधान की मांग उठाई। सेक्टर-2 रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान गुलाब मलिक, जनरल सेक्रेटरी डीपी दहिया व सेक्टर-9 और 9 ए रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के प्रधान आरके जून, जनरल सेक्रेटरी सेक्टर 9,9 ए के विजय शर्मा ने पूर्व सीएम को बताया कि हशविप्रा की ओर से बार बार एनहांसमेंट राशि के नोटिस भेजे जा रहे हैं। इन सेक्टरों में कुल 7500 प्लॉट हैं, जिनमें 15 हजार परिवार रहते हैं और इन सेक्टरों को आबाद हुए 20 वर्ष हो चुके हैं। उसके बावजूद नोटिस भेजकर उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा से कहा कि इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रदेश सरकार के समक्ष यह मुद्दा उठाकर एनहांसमेंट की राशि को माफ कराएं ताकि 15 हजार परिवारों को इस समस्या से छुटकारा मिल सके। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि वह इस समस्या को सरकार के समक्ष प्रमुखता से उठाएंगे। सरकार से एनहांसमेंट की राशि माफ करने की मांग करेंगे। उन्होंने सेक्टरवासियों को विश्वास दिलाया कि अगर यह सरकार इसका समाधान नहीं करती है तो अक्टूबर में होने वाले चुनाव में हमारी सरकार बनेगी। कांग्रेस सरकार बनते ही इसका स्थाई समाधान करेंगे।

## परिजनों को सौंपा बुजुर्ग का शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर आसौदा और सांपला के बीच ट्रेन से कटकर जान गंवाने वाले बुजुर्ग की पहचान हो गई। मृतक की पहचान ईश्वर सिंह निवासी सांपला के रूप में हुई है। जीआरपी थाना पुलिस ने शनिवार की दोपहर शहर के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। बता दें कि दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर आसौदा-सांपला के बीच ट्रेन से कटकर एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। मृतक के पास ऐसा कोई दस्तावेज नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान संभव हो सके। ऐसे में शव को शिनाख्त के लिए 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल शव गृह में रखवाया गया था।

उधर, ईश्वर सिंह जब घर नहीं पहुंचे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। परिजनों ने जीआरपी थाना से संपर्क साधा तो पुलिस के बताए हुलिये के आधार पर उसकी पहचान संभव हो पाई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर वारिसों को सौंप दिया है। मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है।

## छोटूराम नगर में तीन प्रवासियों के कमरों में चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़



इलाके में चोरी के मामले नहीं थम रहे। अब छोटूराम नगर में स्थित एक मकान में चोरी हो गई। चोरों ने मकान में रह रहे तीन किरायेदारों के सामान व रुपयों पर हाथ साफ कर दिया। सुबह जब लोग नींद से जगे तो उन्हें वारदात का पता चला। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में हरदोई जिले के महेश्वर का कहना है कि वह यहां छोटूराम नगर में संडे बाजार के निकट किराये पर रहता है। इस मकान में यूपी के कुछ अन्य लोग भी किराये पर रहते हैं। शुक्रवार को हम सभी खाना खाकर अपने-अपने कमरों में सो गए। इसी रात को अज्ञात चोरों ने वारदात कर डाली। जब सुबह हम उठे तो सामान अस्त-व्यस्त था। जांच करने पर मेरे कमरे से मेरा मोबाइल, केपी सिंह के कमरे से मोबाइल व रेणु के कमरे से मोबाइल व नकदी गायब थी। अपने स्तर पर जांच की लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। महेश्वर की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास सीसीटीवी चेक किए जाएंगे। जल्द से जल्द वारदात को सुलझाने की बात कही जा रही है।

## रितिक हत्याकांड में कई पहलुओं पर जांच कर रही पुलिस

- मामले में पुलिस की टीमें विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही

**बहादुरगढ़।** गांव मांडोठी में हुए रितिक हत्याकांड की सच्चाई फिलहाल सवाल बनी हुई है। उसे मौत के घाट उतारने वालों का भी कुछ सुराग नहीं लग पाया है। मामले में पुलिस की टीमें विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही हैं। ये भी पता लगाया जा रहा है कि आखिरी बार उससे कौन मिला था। साथ ही गांव में सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस द्वारा जल्द ही इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने का दावा किया जा रहा है।

दरअसल, गांव मांडोठी का निवासी रितिक शुक्रवार की सुबह दौड़ लगाने के लिए घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। कैमरे चेक किए तो वह एनसीआर माइनर की ओर जाता दिखाई दिया। इस शंका पर परिजनों व जानकारों ने माइनर में तलाश की। कई घंटे बाद उसका शव माइनर से बरामद हुआ। माइनर से बाहर निकालने पर रितिक के शव को देखकर सभी दंग रह गए। जूतों के फीतों, डेटा केबल आदि से उसके हाथ-पांव बंधे थे। चेहरे पर भी चोट के निशान थे। इस पर हत्या की आशंका जताई गई लेकिन परिजनों ने किसी पर शक जाहिर नहीं किया। गांव के कुछ लोगों की मानें तो रितिक व उसके परिवार की किसी से कोई रंजिश नहीं थी।

परिजनों व ग्रामीणों के जहन में यही सवाल है कि, आखिर रितिक को क्यों मारा गया। मारने वाले कौन है, ये तस्वीर भी अभी साफ नहीं है। इस गुत्थी को सुलझाने के लिए पुलिस विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच आगे बढ़ा रही है। पुलिस गांव में फिलहाल कैमरे चेक कर रही है, पूछताछ का दौर भी जारी है। यह भी पता लगाने की कोशिश है कि आखिरी बार रितिक किसके संपर्क में आया। पुलिस का कहना है कि गंभीरता से जांच चल रही है। जल्द से जल्द मामले को सुलझाने का प्रयास रहेगा।


हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साइज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के | रु. 2500/- |
| 10×8 सें.मी | अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 3000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साइज पर मान्य। अन्य किसी साइज के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900


## शिक्षकों को शिक्षण क्षमता बढ़ाने को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। क्षमता निर्माण कक्षा में भाग लेने वाले शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

गांव लडरावण स्थित श्रीस्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में क्षमता निर्माण कक्षा का आयोजन हुआ। इसमें तहत बाल वाटिका, 1, 2, 3 व जादुई पिटारा के अंतर्गत शैक्षणिक सिद्धांतों के छोटे से छोटे पहलू को समझाया गया।

स्कूल प्रिंसिपल किशोर कुमार शर्मा द्वारा बैठक का संचालन किया गया, जिसमें उन्होंने शिक्षकों को अपनी शिक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। शिक्षक अपने शिक्षण विधि को और ज्यादा बेहतरीन कैसे बनाए और विद्यार्थियों से ज्यादा से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन हम कैसे करवा सकते हैं, ये प्रोजेक्टर की सहायता से समझाया गया। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर ने कहा कि इस तरह की कक्षाएं स्कूल में समय-समय पर लगाई जाती हैं ताकि शिक्षकों को नई एजुकेशन पॉलिसी और योजनाओं का समय-समय पर ज्ञान होता रहे।

## स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶झज्जर

विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए आदि स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जून है। राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि अभी तक जिन विद्यार्थियों ने आवेदन नहीं किया है, वे रविवार तक उच्चतर शिक्षा विभाग के एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं।

*दूसरी मेरिट लिस्ट 11 जुलाई को:* दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट दस जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल लिस्ट 11 जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 11 जुलाई से 13 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।

### ओपन काउंसलिंग 16 से

पहली और दूसरी मेरिट लिस्ट के बाद बची खाली सीटों को भरने के लिए ओपन काउंसलिंग 16 जुलाई से शुरू होगी जबकि नए आवेदनों के लिए एडमिशन पोर्टल 17 जुलाई से खुलेगा और 23 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के साथ दाखिले होंगे। इसके बाद 24 जुलाई से 30 जुलाई तक 100 रुपये लेट फीस के अलावा 100 रुपये प्रतिदिन अतिरिक्त शुल्क लगेगा। कक्षाएं दूसरी मेरिट लिस्ट के दाखिले होने के बाद शुरू होंगी।

### पहली मेरिट लिस्ट पांच जुलाई को

*डॉ. अमित भारद्वाज ने बताया कि दस्तावेजों की ऑनलाइन वेरिफिकेशन दो जुलाई तक होगी। विद्यार्थी यदि अपने ऑनलाइन फार्म में कोई संशोधन करना चाहें तो एक जुलाई तक कर सकते हैं। जिसके लिए उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आएगा। पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट चार जुलाई को जारी होगी जबकि फाइनल मेरिट लिस्ट पांच जुलाई को आएगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे पांच जुलाई से नौ जुलाई तक फीस भर सकेंगे।*



### अब तक 1975 आवेदन

डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि नेहरू कॉलेज में सात स्नातक स्तरीय पाठ्यक्रम उपलब्ध हैं। इन कक्षाओं की 1200 सीटों पर दाखिले के लिए अब तक 1975 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें बीए की 480 सीटों के लिए 1041, बीएससी फिजिकल साइंस की 300 सीटों के लिए 212, बीएससी लाइफ साइंस की 80 सीटों के लिए 137, बीकॉम की 140 सीटों के लिए 142, बीबीए की 80 सीटों के लिए 118, बीसीए की 80 सीटों के लिए 302 और बीएससी गणित की 40 सीटों के लिए 23 आवेदन प्राप्त हुए हैं।